आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2021-23

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 36 अंक 293 | इंदौर, बुधवार 24 मई, 2023 | ज्येष्ठ शुक्ल 5 संवत् 2080 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com




इंदौर के 119 साल पुराने गांधी हाल को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी

आज के अंक के साथ ब्रह्मास्त्र लेना ना भूलें

# मप्र में दिसंबर 2022 तक की सभी अवैध कॉलोनियां वैध

## मुख्यमंत्री शिवराज ने की घोषणा, बोले- अब ऐसी कॉलोनी कटी, तो अफसर होंगे जिम्मेदार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर, उज्जैन, भोपाल सहित मध्यप्रदेश में दिसंबर 2022 तक की सभी अवैध कॉलोनियां वैध की जाएंगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को इसकी घोषणा की है। उन्होंने सीएम हाउस में कहा कि मैं मानता हूं कि जब ये कॉलोनियां बन रही थीं, तब ध्यान देना चाहिए था कि वो वैध बन रही हैं या अवैध। लेकिन हमारे भाई-बहन का क्या दोष? जिंदगीभर की पूंजी लगाकर प्लॉट खरीद लिया। पाई-पाई जोड़कर मकान बना लिया। मकान बन गया, तब सरकार आई और कहा- ये तो अवैध है। यह न्याय नहीं है। अवैध मतलब क्या हम अपराधी हो गए। अवैध ठहराने का निर्णय ही अवैध है, इस निर्णय को मैं समाप्त करता हूं। मध्यप्रदेश में दिसंबर 2022 तक की सारी अवैध कॉलोनियां वैध की जाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा- अब अगर अवैध कॉलोनी कटी, तो विभागीय अफसर जिम्मेदार होंगे। पहले दिसंबर 2016 तक निर्मित कॉलोनियों को वैध करने का निर्णय हुआ था, जिसे संशोधित कर वर्ष 2022 कर दिया जाएगा।



### दिसंबर 2016 तक बनीं 6077 कॉलोनियां वैध 2022 तक बनीं 2500 कॉलोनियां भी होंगी वैध

- मुख्यमंत्री ने ये घोषणा नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह की मांग पर की। सिंह ने दो और मांगें रखीं कि इन कॉलोनियों में गरीबों से 20 प्रतिशत विकास शुल्क नहीं लिया जाए। मकानों के नक्शे पास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, 'मैं भूपेंद्र जी से सहमत हूं। हम विकास पुरुष हैं, विकास करने वाली सरकार है, इसलिए खरीदी-बिक्री के लिए विकास शुल्क नहीं लिया जाएगा। रेगुलर कॉलोनियों में विकास के लिए उपलब्धता के आधार पर राशि दिलाएंगे। बिजली, पानी, सड़कों की सुविधाएं देंगे। जो मकान जैसे भी बने हैं, उनको स्वीकार किया जाएगा।'
- मुख्यमंत्री ने सीएम हाउस में हुए समारोह में प्रदेश में 6077 (दिसंबर 2016 तक) अवैध कॉलोनियों को वैध करने की योजना की शुरुआत की। पहले फेज में 1122 कॉलोनियों को बिल्डिंग परमिशन दी गई। मुख्यमंत्री के इस प्रोग्राम से बाकी के शहर वर्चुअल जुड़े। बिल्डिंग परमिशन के सर्टिफिकेट मिलते ही इन कॉलोनियों में बिजली, पानी और सड़क जैसी सुविधाएं देने के लिए रास्ता साफ हो गया है। 30 जून तक सभी कॉलोनी वैध करने का टारगेट है। भोपाल में 320 कॉलोनियों (दिसंबर 2016) को वैध किया जाना है।
- वैध की गईं 6077 कॉलोनियां दिसंबर 2016 तक की हैं। दिसंबर 2022 तक बनी कॉलोनियां वैध होने पर इस आंकड़े में करीब 2500 कॉलोनियां और जुड़ेंगी।

### मंत्री भदौरिया बोले- कांग्रेस ने अवैध कॉलोनियां बसाईं

नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा, 'यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश के लगभग 20 लाख परिवारों को सम्मान देने वाला है। कांग्रेस ने अवैध कॉलोनियां बसाईं और इन्हें पोषित किया।

### रहवासी संघ का गठन करें

मुख्यमंत्री ने कहा- आज से हम इन अवैध कॉलोनियों को वैध मानते हैं। अब आपको बिल्डिंग परमिशन, बैंक लोन की पात्रता मिल जाएगी। सभी कॉलोनियों में रहवासी संघ का गठन कराएं।

## देश विदेश

### सिडनी में ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने नरेंद्र मोदी को कहा 'बॉस'

**सिडनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सिडनी के कुडोस बैंक एरिना में भारतीय मूल के 20 हजार से ज्यादा लोगों को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा- भारत मदर ऑफ डेमोक्रेसी है। हमारे लिए पूरी दुनिया एक परिवार है। भारत-ऑस्ट्रेलिया का रिश्ता भरोसे और सम्मान पर टिका है। पीएम मोदी ने कहा- मैंने पिछले दौरे के वक्त 2014 में वादा किया था कि ऑस्ट्रेलिया को फिर किसी भारतीय पीएम के लिए 28 साल इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया के पीएम अल्बनीज ने मोदी की तारीफ करते हुए कहा- 'मोदी इज द बॉस'। पहली बार यहां ऑस्ट्रेलिया में किसी प्रधानमंत्री का इतना भव्य स्वागत हुआ है।



थॉर एक्टर रे स्टीवेन्सन का निधन, आरआरआर में निभाया था गवर्नर स्कॉट बस्सटन का किरदार।

### ज्ञानवापी विवाद से जुड़े सात मामले एक साथ सुने जाएंगे

**वाराणसी।** ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी से जुड़े 7 मुकदमों की सुनवाई अब एक साथ होगी। वाराणसी की जिला अदालत ने सभी मुकदमों को एक साथ क्लब करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई की तारीख सात जुलाई निर्धारित की गई है। जिला जज डॉ। अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने कहा है कि मामले जिन अदालतों में लंबित हैं, उन्हें डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की अदालत में स्थानांतरित किया जाता है। सभी मामलों के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में ट्रांसफर होने के बाद तय किया जाएगा कि सभी वादों का एक साथ सुना जाना उचित है या नहीं। उधर, मुस्लिम पक्ष के पक्षकारों ने इस फैसले पर असहमति जताई है और जिला जज की अदालत के आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती देने की बात कही है।

### केदारनाथ धाम पहुंचे अक्षय कुमार



मंदिर के बाहर लोगों की उमड़ी भीड़ हाथ जोड़कर फैंस का अभिवादन किया

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार केदारनाथ धाम पहुंचे हैं। इसी दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। अक्षय ने केदारनाथ मंदिर में पहुंचर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। विडियो में एक्टर अपनी सुरक्षा टीम के साथ मंदिर के अंदर जाते हुए दिखाई दिए। यात्रा के दौरान एक्टर ऑल ब्लैक लुक में नजर आ रहे हैं। अक्षय ने अपने माथे पर लाल और पीले रंग का टीका लगाया है। बाबा केदारनाथ के धाम में एक्टर की एक झलक पाने के लिए वहां लोगों की भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान अक्षय मंदिर के बाहर आए और हाथ जोड़कर फैंस का अभिवादन किया। बता दें, अक्षय इन दिनों अपनी फिल्म की शूटिंग के लिए देहरादून में हैं। मंगलवार को एक्टर हेलीपैड से केदारनाथ धाम पहुंचे। इससे पहले अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर केदारनाथ मंदिर की एक तस्वीर शेयर की थी।

### अध्यादेश के विरोध में केजरीवाल को मिला ममता बनर्जी का साथ

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी को तृणमूल कांग्रेस का भी समर्थन मिला है। मंगलवार को केंद्र सरकार के अध्यादेश का विरोध करने के लिए समर्थन मांगने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कोलकाता में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी से मिले। मीटिंग के बाद ममता ने कहा कि हम अध्यादेश का विरोध करेंगे। उन्होंने अन्य दलों से भी केंद्र सरकार के अध्यादेश का विरोध करने को कहा। केजरीवाल के साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान, आप नेता संजय सिंह, राघव चड्ढा और आतिशी सिंह भी थे।

# शिप्रा में नाले का पानी मिलने पर स्मार्ट सिटी के ईई नौकरी से बर्खास्त

## मामले में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की पहली बड़ी कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन की पुण्य सलिला शिप्रा नदी में रुद्रसागर के बीच से आ रहे नाले का गंदा बदबूदार पानी मिलने की घटना के बाद मंगलवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पहली बड़ी कार्रवाई करते हुए स्मार्ट सिटी के ईई मनीष जैन को नौकरी से ही बर्खास्त कर दिया।

दैनिक अवन्तिका, ब्रह्मास्त्र ने सबसे पहले इस खबर को चैनल पर दिखाया था। इसके बाद शासन-प्रशासन में हड़कंप मचा और अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे लेकिन इसके पहले ही नाले का पानी रामघाट क्षेत्र में पूरी शिप्रा को प्रदूषित कर चुका था। जिस समय नाले का पानी नदी में मिल रहा था लोग पर्व पर स्नान ही कर रहे थे। जब लोगों को पता चला कि यह नाले का पानी है तो लोग नदी से बाहर निकल कर आ गए और शासन-प्रशासन व नेताओं को कोसने लगे। इस घटना से हजारों लोगों की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंची। चैनल में दिखाने के साथ ही ब्रह्मास्त्र ने उसी दिन इस खबर को पहले पेज पर फोटो के साथ प्रमुखता से प्रकाशित किया तो अगले दिन दैनिक अवंतिका ने दो प्रमुख पेजों पर शिप्रा में मिले नाले के पानी की पूरी घटना की लाइव रिपोर्टिंग करते हुए छापी और यह बताया कि आखिर यह घटना कैसे हुई और इसमें किसकी लापरवाही रही। इसके बाद से ही कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम कार्रवाई करने के मुड में आ गए थे। जांच के बाद जब जैसे ही स्पष्ट हुआ कि इस पूरे में मामले में प्रारंभिक रूप से स्मार्ट सिटी के ईई जैन दोषी है तो उन्होंने बिना किसी देर के तुरंत निगम आयुक्त से चर्चा कर उन्हें नौकरी से ही बाहर करने की बड़ी कार्रवाई कर दी।

### दैनिक अवन्तिका, ब्रह्मास्त्र ने सबसे पहले दिखाई थी यह खबर



### लोग मांग कर रहे शिप्रा में खान का गंदा पानी रोके तो शुद्ध होगी

इस पूरे मामले में अब शहर के आम लोगों की ओर से यहीं मांग उठ रही है कि शिप्रा में नाले का पानी मिला, जांच हुई और कलेक्टर ने एक अधिकारी पर कार्रवाई कर दी। लेकिन शिप्रा पूरी तरह से शुद्ध कहा है। क्योंकि जब तक इंदौर की खान नदी का दूषित पानी शिप्रा में मिलता रहेगा शिप्रा शुद्ध नहीं होगी। लोग चाहते हैं कि खान के पानी को शिप्रा में मिलने से रोके तो शासन-प्रशासन की मां शिप्रा को साफ करने के लिए यह सबसे बड़ी कार्रवाई होगी।

### मीडिया में खबरें, संत उपवास पर, सांसद-विधायक की निंदा से दबाव

शिप्रा में नाले का पानी मिलने की घटना के बाद शासन-प्रशासन के जिम्मेदार लोगों की लारवाही को लेकर मीडिया लगातार खबरें लिख रहा। उज्जैन में निर्मोही अखाड़े के महामंडलेश्वर संत ज्ञानदास महाराज शिप्रा शुद्धिकरण की मांग को लेकर 6 माह से उपवास के रूप में आंदोलन कर ही रहे हैं और इस घटना के बाद से लोग उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक पारस जैन सहित जनप्रतिनिधियों की निंदा अलग कर रहे। वहीं विपक्ष के रूप में कांग्रेस अगल मांग कर रही थी। इतने सारे दबाव के बीच आखिरकार कलेक्टर को कार्रवाई के लिए मजबूर होना पड़ गया और ईई जैन को नौकरी से हटाना पड़ा। मामले की जांच जारी है और आगे भी कुछ लोगों पर कार्रवाई हो सकती है।

# यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा में जबलपुर की स्वाति शर्मा को 15वीं रैंक

धार की संस्कृति सोमानी 49वें स्थान पर रहीं



### भोपाल की भूमि का भी सिलेक्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल/जबलपुर/धार

संघ लोक सेवा आयोग ने मंगलवार को सिविल सर्विस एग्जाम (यूपीएससी सीएसई 2022) का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया है। इसमें जबलपुर की रहने वाली स्वाति शर्मा ने 15वीं और धार के भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी की बेटी संस्कृति सोमानी ने 49वीं रैंक हासिल की है। भोपाल की भूमि श्रीवास्तव की 304 वीं रैंक आई हैं। वहीं शिवपुरी के शिवम यादव ने 263 वां स्थान हासिल किया है। स्वाति शर्मा जबलपुर के धनवंतरी नगर में परिवार के साथ रहती हैं। वह मूल रूप से सतना जिले के भटनबारा गांव की रहने वाली हैं। लंबे समय से जबलपुर में ही रह रही और उन्होंने अपनी पढ़ाई भी यहीं से पूरी की।

यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा 2022 में कामयाबी पाने वाले अभ्यर्थियों को सीएम शिवराज सिंह चौहान ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

## दिग्विजयसिंह को महू से चुनाव लड़ना चाहिए : उषा ठाकुर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

'मैं तो कहती हूं कि दिग्विजयसिंह को महू से चुनाव लड़ना चाहिए। हम तैयार खड़े हैं। आमंत्रण दे रही हूं।' यह कहकर संस्कृति मंत्री और महू से भाजपा विधायक उषा ठाकुर ने इंदौर में कहकर सियासी हलचल मचा दी। दरअसल, उनकी यह प्रतिक्रिया उस वक्त आई है, जब दिग्विजयसिंह राज्यसभा सदस्य हैं और पार्टी के कहने पर ज्योतिरादित्य सिंधिया के सामने चुनाव लड़ने की बात कह रहे हैं। सिंधिया की पारंपरिक सीट गुना-शिवपुरी है जबकि उषा ठाकुर दिग्विजयसिंह को मालवा बुलाकर महू से लड़ने का न्योता दे रही हैं।

## बागेश्वर सरकार पर बनेगी फिल्म

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बागेश्वर धाम

बागेश्वर धाम के महाराज पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अक्सर अपने बयानों को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। आज के समय में उनके लाखों भक्त हैं। अब बाबा के ऊपर फिल्म बनने जा रही है। इस फिल्म का नाम द बागेश्वर सरकार होगा, जो कि नॉस्ट्रम एंटरटेनमेंट हब के बैनर तले होगा। इस फिल्म का डायरेक्शन विनोद तिवारी करने वाले हैं। इस फिल्म की घोषणा होते ही उनके चाहने वाले काफी खुश हो रहे हैं। विनोद तिवारी ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि जिस तरह बाबा सनातनियों को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, उससे वे काफी प्रभावित हुए हैं।

## प्रदेश के कूनो में चीते के शावक की मौत

### दो महीने में चार चीतों की गई जान

एजेंसी ▸▸ श्योपुर

मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में मंगलवार को चीते के शावक की मौत हो गई। यहां दो महीने के भीतर अब तक चार चीतों की मौत हो चुकी है। कूनो में मादा चीता ज्वाला ने 27 मार्च को चार शावकों को जन्म दिया था। इनमें से एक शावक की मौत हुई है। मौत का कारण अभी पता नहीं चला है। प्रमुख वन संरक्षक जेएस चौहान ने शावक की मौत की पुष्टि की है। 27 मार्च को मादा चीता ज्वाला (उस समय शियाया) ने चार शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही कूनो में शावकों सहित चीतों की संख्या 23 हो गई थी। शावकों के जन्म से दो दिन पहले ही मादा चीता साशा की मौत हुई थी।

2000 के नोट बदलवाने के लिए

# फॉर्म भरो, आईडी प्रूफ भी दिखाओ..!

## पहले कहा था-आईडी नहीं बताना होगी, इंदौर की कुछ बैंकों में कैश खत्म, लोगों को लौटाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर


प्रदेश और देश भर में नोट बदलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नोट बदली को लेकर सोमवार तक दावा किया जा रहा था कि 2000 रुपए के नोट बदलवाने के लिए किसी तरह का आईडी प्रूफ नहीं देना होगा, पर इंदौर के बैंकों में ऐसा नहीं है। बताया जा रहा है कि एसबीआई सहित अन्य बैंकों में नाम-पता पूछकर ऑनलाइन एंट्री करके नोट बदले जा रहे हैं। अन्य सभी बैंकों में एक सादा फॉर्म भरवा कर ही नोट बदले जा रहे हैं। इधर, 2000 के एक नोट के बदले 500-500 रुपए के चार नोट देने से किल्लत पैदा हो गई है। एबी रोड स्कीम 54 सहित कुछ बैंकों में कैश खत्म होने से लोगों को वापस लौटा दिया गया।



### उज्जैन में एक व्यक्ति 2000 के 45 नोट लेकर पहुंचा

उज्जैन की बैंकों में भी मंगलवार से 2000 रुपये के गुलाबी नोट बदलने की प्रक्रिया शुरू हुई। सभी बैंकों में नोट बदले जा रहे हैं। फोटो व्यवसाय से जुड़े एक शख्स 2000 रुपये के 45 नोट लेकर उज्जैन की बैंक में पहुंचे। उनका कहना है कि घर में रखे हुए थे। पता पड़ा कि नोट बदलवाने पड़ेंगे तो 90,000 रुपये लेकर आया हूं।

- कुछ बैंकों में लोगों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए दो काउंटर भी लगाए गए लेकिन इसकी नौबत नहीं आई। बैंकों में लोगों की भीड़ नहीं थी। एसबीआई में नोट बदलने के लिए लोगों से कोई दस्तावेज नहीं लिए जा रहे हैं लेकिन नाम-पता पूछकर ऑनलाइन एंट्री जरूर की जा रही है।
- दो हजार के नोट बदलाने के दिशा-निर्देश को लेकर थोड़ा कंफ्यूजन है। मसलन एक बार में कोई व्यक्ति अलग-अलग बैंकों में जाकर 10-10 के कई नोट बदला सकता है। दोबारा कोई व्यक्ति नोट बदलवाने उसी बैंक में पहुंचा तो उसे कैसे ट्रैक किया जाएगा। ऐसे कई सवाल हैं जिनके जवाब बैंक अधिकारियों के पास भी नहीं हैं।



## 6 वर्षीय बालिका को तलाश कर परिजनों के सुपुर्द किया

**ब्यावरा।** सिटी पुलिस थाना अंतर्गत फरियादी कालू गुर्जर निवासी भवरपुरा राजगढ़ की 6 वर्षीय नाबालिग लड़की राधा गुर्जर पीपल चौराहा के पास किराने दुकान से सामान खरीदते समय कहीं चली गई थी जिसे तलाश किया मगर नहीं मिली फिर थाने पर इसकी सूचना दी। थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर के नेतृत्व में टीम बनाई और तत्काल सीसीटीवी कैमरों की मदद से गुमशुदा राधा गुर्जर का पता कर परिजनों को सुपुर्द किया।

## ग्रीष्मकालीन फसल मूंग उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन 31 मई तक

**राजगढ़।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा दी गई के जानकारी अनुसार जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग के समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन 31 मई तक किया जाएगा। फसल मूंग हेतु निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन कार्य कार्यालयीन समय पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कृषक अथराईज्ड एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र, सायबर कैफे तथा स्वयं के मोबाईल अथवा कम्प्यूटर से निर्धारित लिंक पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं।

## भाजपा कार्यसमिति की वृहद बैठक संपन्न



**इंगोरिया।** भाजपा इंगोरिया मंडल की कार्यसमिति की बैठक भाजपा के पितृ पुरुष श्यामाप्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। बैठक में आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पंड्या ने की। भाजपा नेता जितेंद्र सिंह पंड्या, जनपद अध्यक्ष उमराव सिंह राठौर, पूर्व मंडल अध्यक्ष भोमसिंह पंवार, सांसद प्रतिनिधि बिहारीलाल हाड़ा, भाजपा नेता भगवान सिंह पंड्या, बद्रीलाल काका आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में भाजपा के जनपद सदस्य गण जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी मोर्चा के अध्यक्ष ओर पदाधिकारी उपस्थित रहे । बैठक का संचालन मंडल मंत्री विजय प्रजापति ने किया आभार महामंत्री सुरेश राठौर ने किया। जानकारी मीडिया प्रभारी गोविंद चौधरी ने दी।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी गणेशलाल परमार पिता रामचन्द्र जी परमार व श्याम, अजय पुत्रगण गणेशलाल निवासीगण ग्राम बिरमखेड़ी तहसील घटिया जिला उज्जैन कि स्वामित्व अधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नंबर 60/1 का रकबा 0.72 हेक्टयेर, सर्वे नम्बर 61/1 का रकबा 0.48 हेक्टयेर, सर्वे नम्बर 14 का रकबा 0.43 हेक्टयेर, सर्वे नम्बर 15 का रकबा 0.61 हेक्टयेर, सर्वे नम्बर 16 का रकबा 0.35 हेक्टयेर सर्वे नम्बर 17/1 का रकबा 0.51 हेक्टयेर सर्वे नम्बर 23 /2 का रकबा 0.30 हेक्टेयर कुल किता 7 कुल रकबा 3.40 हेक्टर, पटवारी हल्का नम्बर-55 स्थित ग्राम- बिरमखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा कर किया गया। है जिसकी बयाना राशि केता ने अदा कर अपने नाम की सोदा चिट्ठी तैयार करवा लिया है। एवं अनुबंध पत्र इस जाहिर सुचना के प्रकाशन 7 दिन बाद तैयार कर लिया जायेगा।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसाइटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर भय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका विधिवत निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में विक्रय पत्र का सम्पादन करवा लिया जावेगा। बाद गुजरने अवधि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होकर शून्यवत होगी। सो सूचित हो ।

इतिः दिनांक-23/05/2023
स्थान- घटिया

**शादाब मन्सूरी**
**सर्विस प्रोवाइडर एण्ड स्टाम्प वेन्डर कार्यालय तहसील परिसर, तह. घटिया , जिला उज्जैन मोबा. 8878601187 8770092900**
Email- Shadabmansuri330@gmail.com

महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष पर

# विराट शौर्य यात्रा एवं क्षत्रिय सम्मेलन सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर






महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष में महिदपुर में विराट शौर्य यात्रा कृषि उपज मंडी महिदपुर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होकर राजपूत बोर्डिंग महिदपुर में सभा के रूप में परिवर्तन हुई।

शौर्य यात्रा में हजारों की संख्या में राजपूत सदस्य सम्मिलित हुए। शौर्य यात्रा का नगर में भव्य स्वागत किया सड़कें फूलों से पट गई।

सभा को जयवर्धनसिंह पूर्व मंत्री, जीवन सिंह शेरपुर, नरेंद्र सिंह राठौर तनोड़िया, कालू सिंह जिला पंचायत सदस्य, शैलेंद्र सिंह झाला एवं समिति के अध्यक्ष भगवान सिंह पवार ने संबोधित किया। आभार नारायण सिंह डोडिया ने माना। उक्त जानकारी समिति के सचिव अंतर सिंह राजपूत ने दी।

कार्यक्रम में मदनसिंह राठौर, करण सिंह डोडिया, गुमान सिंह राजपूत, बने सिंह सोलंकी, कमल सिंह पवार, गोकुल सिंह चौहान, बलराम सिंह चंद्रावत, जितेंद्र सिंह राजपूत, श्याम पाल सिंह जादौन, केसरसिंह सरवन खेड़ा, कमलसिंह डोडिया, संदीप सिंह, रतनसिंह सगवाली आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र सिंह राजपूत ने किया।

पीपलरावां पुलिस को मिली सफलता फरियादी ने खुद रची थी हत्या के प्रयास की कहानी

# फर्जी हत्या के प्रयास की रिपोर्ट का पर्दाफाश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

जिले के थाना पीपलरावा क्षेत्र में 16 मई की दरमियानी रात्री 9 बजे फरियादी देवेश पिता स्व. नोतनदास पोहानी जाति सिंधी उम्र 37 साल निवासी कालानी बाग देवास ने अपने दोस्त सनन्द सिंह सोलंकी उर्फ मोंटी पिता स्व. शिवाजी सिंह सोलंकी जाति राजपूत निवासी 39, संचार नगर इन्दौर ने थाना हाजिर रिपोर्ट किया कि आज भावसार मेडिकल पीपलरावां दवाई देने आया था। दवाई देकर दोस्त सनन्द के साथ मोटर साईकल से देवास जा रहे थे कि पीपलरावां के आगे राधा स्वामी सत्संग पाईंट के पहले एक बाईक पर तीन लोग आये व मुझसे बोले गाड़ी रोक इस पर मैंने अपनी मोटर साईकल रोक दी।

इन तीनों अज्ञात लोगों ने मुझे मां बहन की नंगी-नंगी गालियां दी व उनमें से एक ने चांटा मारा व तीनों बोले की तू हमारे दोस्तों का पैसा क्यों नहीं देता है व उनमें से दूसरे ने मेरे साथ बेल्ट से मारपीट की जिससे मुझे पीठ में चोट लगी व तीसरे व्यक्ति ने उसकी जेब से चाकू निकाला व मुझे जान से मारने की नियत से बांये तरफ पेट में मारा जिससे खून निकल आया व दूसरा चाकू मुझे सीधे हाथ की भुजा पर मारा। घटना मेरे दोस्त सनन्द सिंह ने देखी है व जाते-जाते ये तीनों बोले की आज तो बच गया है अगर हमारे दोस्त रवि शर्मा व अनिल मिश्रा के पैसे नहीं दिये तो जान से खत्म कर देंगे। फिर तीनों मोटर साईकल से भाग गये।

उक्त मामले की रिपोर्ट पीपलरांवा थाने पर की थी जिस पर पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया। फरियादी देवेश की चोट का मेडिकल परीक्षण करवाया।

आरोपियों की तलाश के निर्देश पुलिस अधीक्षक ने दिये थे। जिसमें एसडीओपी सोनकच्छ के मार्गदर्शन में उक्त अपराध की विवेचना में कथन फरियादी देवेश, चश्मदीद साक्षी मनन्द सिंह तथा रवि शर्मा के कथन लिये गये। फरियादी देवेश को लगी चोंटें संदिग्ध प्रतीत होने से काफी बारीकी से पूछताछ करते उसने बताया कि मुझे अनिल मिश्रा को 2 लाख 10 हजार रुपये देना है जिसने 138 एनआई एक्ट के तहत देवास कोर्ट में केस लगा रखा है व रविन्द्र शर्मा के 1 लाख 70 हजार रुपये देना शेष है जिनके द्वारा बार-बार पैसे मांगने से परेशान होकर स्वयं बेल्ट से पीठ पर मारना व कटर से बायें पेट पर व दाहिने हाथ की भुजा पर मारने के बाद कटर को घटना स्थान के सामने वाले खेत में फेंकना बताया ताकि ये लोग मुझसे डर जाएं व पैसे नहीं मांगे।

फरियादी के बताये अनुसार घटना स्थल का 21 मई को निरीक्षण कर घटना स्थल के सामने घटना के बाद फेंके गये कटर को राजेन्द्र के खेत में से फरियादी देवेश के पेश करने पर घटना में प्रयुक्त एक कटर कीमत 50 रुपये व लेदर का ब्राउन कलर का बेल्ट बक्कल लगा कीमत 200 रुपये जब्त किया।

उक्त अपराध की विवेचना फरियादी देवेश के द्वारा 16 मई को थाना पीपलरावां में अनिल मिश्रा व रविन्द्र शर्मा अन्य अज्ञात 3 व्यक्तियों के विरुद्ध असत्य रिपोर्ट करना पाया गया फरियादी देवेश के विरुद्ध भादंवि के तहत कार्यवाही की गई।



आंजना पटेल परिवार ने 35 वर्षों से सेवारत

## शंकरलाल प्रजापत की आत्मशांति के लिए किया सहभोज का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उन्हेल

उन्हेल के समीपस्थ ग्राम करनवद के पूर्व सरपंच तोलाराम आंजना पटेल ने उनके ही गांव के पारिवरिक सदस्य की तरह पिछले 35 वर्षों से पटेल परिवार में सेवा दे रहे शंकरलाल प्रजापत के स्वर्गवास हो जाने पर इंसानियत की मिसाल कायम करते हुए पटेल परिवार की ओर से उनकी आत्मशांति हेतु श्रद्धांजलि सभा एवं सहभोज का आयोजन किया। इस नेक काम में उनका पूरा परिवार सहयोगी रहा उनके साथ छोटे भाई करण पटेल एवं उनके पुत्र कालू सिंह पटेल, बालेश्वर पटेल, केसर सिंह पटेल, रायसिंह पटेल, हाकम सिंह पटेल एवं परिवारजन द्वारा उक्त कार्यक्रम के साथ उनकी स्मृति में 5100 रुपए गौशाला समिति बोरखेड़ा और 5100 रुपए देवनारायण मंदिर समिति करनावद को स्मृति स्वरूप भेंट किए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में हजारों की संख्या में समाजजन एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केसर सिंह पटेल बोरखेड़ा एवं मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष राम सिंह जादौन, विशेष अतिथि भेरूलाल प्रजापत उन्हेल की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



## बलेड़ी में वीर तेजाजी मंदिर पर शिखर कलश स्थापना और यज्ञ अनुष्ठान प्रारंभ

**इंगोरिया।** ग्राम बलेड़ी में वीर तेजाजी मंदिर पर शिखर कलश स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा, एक कुंडात्मक पंच दिवसीय संग्रह मख यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर तेजाजी महाराज की लिलड़ घोड़ी की प्रतीक घोड़ी 24 मई बुधवार को नगर भ्रमण पर निकल कर शक्ति प्रदर्शन करेगी दिनांक 26 मई को आचार्य पंडित हरिओम शर्मा निवासी फुलान (गौतमपुरा) के सानिध्य मे यज्ञ अनुष्ठान प्रारंभ होगा जिसकी पूर्णाहुति 30 मई को होगी। यज्ञ, हवन प्रातः 9 से सांय 5 बजे तक चलेगा। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। आयोजन समिति सदस्यों ने ग्रामवासियों से धार्मिक अनुष्ठान में सहभागी बनने की अपील की।

## नपा कर्मी के साथ मारपीट करने पर पुलिस ने किया मामला दर्ज



**ब्यावरा।** ब्यावरा शहर के सिटी थाने में नगर पालिका के कर्मचारी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। नगर पालिका कर्मी ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई जिस पर सिटी थाना पुलिस ने शासकीय काम में बाधा सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया। नगर पालिका के स्थाई कर्मी रूपकिशोर शर्मा ने बताया कि नगर पालिका सीएमओ के आदेश पर अतिक्रमण देखने और पाइप डलवाने गया था उसी दौरान पास में रहने वाले अशोक पिता मांगीलाल गौड़ निवासी सिया की बाड़ी द्वारा गंदी-गंदी गालियां देते हुए मारपीट की गई। मारपीट के दौरान रूप किशोर के सिर में चोटें आई। घटना के बाद नगर पालिका के स्थाई कर्मी रूप किशोर थाने पहुंचे और शिकायत की। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी अशोक गौड़ पर शासकीय काम में बाधा की धारा सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया।

## इंगोरिया सेक्टर में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंगोरिया

एकात्म अभियान के तहत हर दिल ध्यान हर दिन ध्यान को लेकर आम लोगों को योग के प्रति जागरूक करने का कार्य जन अभियान परिषद एवं हार्टफुलनेस संस्था के संयुक्त तत्वावधान से गांव-गांव में किया जा रहा था। अभियान को लेकर इंगोरिया सेक्टर के लगभग सभी गांव का प्रशिक्षण पूर्ण हो गया है। परिषद की विकासखंड समन्वयक रेणुका श्रोत्रिय ने बताया कि आगामी 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर मध्य प्रदेश सरकार की मंशा है कि प्रदेश में एक करोड़ लोग योग कार्यक्रम से जुड़े। प्रदेशवासी प्रतिदिन नियमित अपने घर परिवार के साथ मिलकर योग एवं ध्यान करें ताकि उनके जीवन में खुशहाली व स्वास्थ्य भी ठीक बना रहे। गांव-गांव में हार्टफुलनेस संस्था के प्रशिक्षकों को नवांकुर संस्था के अर्जुन सिंह डोडिया, वीरेंद्र सिंह पंड्या, अशोक चौहान, एवं शुभम जायसवाल आदि ने गांव गांव में भ्रमण करवा कर ग्रामीणों को योग एवं ध्यान का प्रशिक्षण दिलवाया। हार्टफुलनेस की ओर से प्रशिक्षक अनिल गुप्ता, हरीश राठौड़, प्रकाश निगम, संतोष भाई आदि ने दिया जो कि दुबई, हैदराबाद व अन्य राज्यों से यहां पहुंचे थे।



## ग्राम लसुड़लिया जागीर में कांग्रेस नेता ग्रामीणों को करवाएंगे हेलीकॉप्टर की सैर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम लसुड़लिया जागीर में कांग्रेस नेता रघु परमार द्वारा बुलवाया गया हेलिकॉप्टर ग्राम लसुड़लिया में उतरा जो आगामी दो दिन तक यही रहेगा, कांग्रेस नेता रघु परमार ने बताया कि दो दिन तक प्रतिभाशाली बच्चों के साथ-साथ ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं को हेलीकॉप्टर की सैर करवाएंगे। परमार ने कहा कि मेरा सपना था कि मैं अपने गांव लसुड़लिया जागीर में सभी वर्ग के लोगों, प्रतिभाशाली बच्चों, खिलाड़ियों, युवाओं एवं बुजुर्गों को हेलीकॉप्टर की सैर करवाऊं और उनके सपनों को साकार करुं। दो दिन तक यह हेलीकॉप्टर इसी गांव में रहेगा और सभी वर्ग के लोगों के सपनों को साकार करेगा। हेलीकॉप्टर देखने वाले ग्रामीणों की भीड़ लगी हुई है। यदि हाईकमान हरी झंडी देता है तो परमार इस बार नरसिंहगढ़ विधानसभा से कांग्रेस की ओर से तैयारी कर रहे हैं।

## घूमधाम से निकली श्री राठौर तीर्थ संकल्प शिला पूजन रथयात्रा, समाजजनों ने किया स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

राठौर तीर्थ संकल्प शिला पूजन रथ यात्रा के पांचवें दिन आज सुबह राजस्थान के डग से मध्यप्रदेश की सीमा सुसनेर में प्रवेश किया। इस यात्रा में सामाजिक उत्प्रेरककर्ता आरएन राठौर ने राठौर तीर्थ धाम का संकल्प लेकर इस यात्रा की शुरूआत सांवरिया सेठ की पावन नगरी से की जिसमें करोड़ों रुपयों से बनने वाले आधुनिक हॉस्पिटल, आधुनिक होस्टल, आनंद आश्रण, राठौर समाज संस्कृति म्युजियम जैसी तमाम सुविधाओं से युक्त होगा।

इस यात्रा का सुसनेर राठौर समाज ने भी धूमधाम से ढोल बाजों के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर राठौर युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष गिरजाशंकर राठौर, पटेल बंसीलाल राठौर, महावीर राठौर, दीपक राठौर, मोहन राठौर, सुरेश राठौर, घनश्याम राठौर, दिलीप राठौर, महेश राठौर, जगदीश राठौर, ललित राठौर, मनोज सोलंकी, प्रेम राठौर, सुनील राठौर, बंटी राठौर, घनश्याम राठौर, प्रतीक राठौर, गोविंद राठौर व बड़ी संख्या में सुसनेर राठौर समाजजन शामिल थे।

बरखेड़ा में बह रही भागवत कथा की गंगा

## बेटे-बेटी में कोई भेद नहीं होना चाहिए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा

समीप के गांव बरखेड़ा में आयोजित भागवत महोत्सव एवं श्रीराम महायज्ञ के तीसरे दिन की कथा प्रसंग में कथा प्रवक्ता पं.सत्येंद्र नागर ने कहा कि मनुष्य को बेटे एवं बेटियों में भेद नही करना चाहिए। उन्होंने कहा प्रत्येक जनमानस के मन में बहन-बेटियों के लिए सदैव पवित्र भाव व सम्मान की नजर होनी चाहिए। उन्होंने कई उदाहरण के माध्यम से बताया कि बेटियां कभी बेटों से कम नहीं होती। वह समाज में कई मिसाल प्रस्तुत कर चुकी हैं। गौरतलब है कि प्रतिदिन बरखेड़ा में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान भागवत रस की गंगा बह रही है और ग्रामवासी बड़ी संख्या में कथा में शामिल हो रहे हैं। कथा प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 तक हो रही है।

**25 मई को होगी यज्ञ की पूणार्हुति** गौरतलब है कि बरखेड़ा में 19 मई से भागवत कथा और श्रीराम महायज्ञ का आयोजन चल रहा है। यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी जा रही है।

## जनसुनवाई में आए 175 आवेदन

**राजगढ़।** प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टोरेट मीटिंग हॉल में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान राजगढ़ शहर सहित जिले के दूर-दराज अंचलों से आए 175 आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मण्डाराह के समक्ष प्रस्तुत किए। उन्होंने प्रत्येक आवेदक से समस्याएं जानी और हल करने के निर्देश दिए।

**आवश्यकता है**
**पेन्ट व शर्ट बनाने वाले कारीगरों एवं युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है।**
सम्पर्क करें
**मेमोरियल टेलर्स**
**शहीद पार्क फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबा. 9425094114**
**मोबा. 9575555515**

**आवश्यकता है**
अनुभवी रेडिमेड गारमेन्ट सेल्समेन, सेल्सगर्ल, हेल्पर एवं हाउस कीपिंग, वेतन एवं कमीशन योग्यतानुसार।
मिलने का समय-
समय 11 से 2 बजे तक
**गौरव परिधान**
**शहीद पार्क फ्रीगंज, उज्जैन**

**आवश्यकता है**
कंपनी को सर्वे प्रचार-प्रसार हेतु युवतियों/ महिलाओ की आवश्यकता है।
**वेतनमान-**
**9000 से 15000 तक**
संपर्क करे-
**गायत्री नगर उज्जैन**
**मोबा. 96692-20856**

**लोन-लोन-लोन**
श्री गणपति फायनेंस (रजि.) कंपनी द्वारा सभी बैंकों से लोन पाएं। प्रापर्टी, पर्सनल, एजुकेशन, ईंट-भट्टा, आधार कार्ड, होम लोन, समस्त लोन मात्र 36 घंटों में। 2% ब्याज। 50% छूट। (एजेन्ट आमंत्रित) कम सिविल वाले भी लोन पाएं।
**9478931485**

**भास्कर आयुर्वेद मेडिकल**
**हमारे यहाँ इन रोगों की दवाइयाँ मिलती हैं**
■ घात जाना ■ स्वप्न दोष ■ नपुसंकता
■ शीघ्र पतन ■ महिलाओं को सफेद पानी जाना
**पता- 32, बहादुरंगज उज्जैन**
**समय- सुबह 11 से 3 बजे तक, मोबा. 98263-71718**
(इन्द्रीवर्धक यंत्र उपलब्ध)




स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com